# कार्यक्रम कोड : सी एच बी एच सी /CHBHC)

# पाठ्यक्रम कोड : सीएनएस एचसी–001/CNS HC-001

# सत्रीय कार्य पुस्तिका जुलाई 2022 हेतु

स्वास्थ्य विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

**सत्रीय कार्यों को पूरा करने से पहले, कृपया निम्नलिखित बिंदुओं को घ्यान में रखेंः–**

- अपने उत्तर लिखने के लिए फुलसाइज पेपर का प्रयोग करें। सत्रीय कार्य को सिर्फ अपनी लिखाई में ही पूरा करें।
- सभी पृष्ठों को क्रमबद्ध कर, टैग से सावधानीपूर्वक बाँध दें।
- प्रत्येक उत्तर के साथ प्रश्न संख्या लिखें

**सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

- प्रत्येक सत्रीय कार्य के लिए कुल 100 अकों में से अंक दिये जायेंगें। प्रत्येक प्रश्न की अधिभारिता उसके सामने कोष्ठक में दर्शाई गई है।

| | |
|---|---|
| कार्यक्रम कोड :........................................ | नामांकन संख्या :............................................... |
| कार्यक्रम शीर्षक :...................................... | नाम :................................................................. |
| सत्रीर्य कार्य कोडः...................................... | पताः........................................................................ |
| पी एस सी (PSC)......................................... | ...................................................................... |
| जमा करने की तारीखः.............................. | ........................................................................ |

**कृपया पूरे किए हुए सत्रीय कार्यों को संबंधित कार्यक्रम अध्ययन केंद्र के कार्यक्रम प्रभारी के पास जमा कराएं।**

**गृह आधारित स्वास्थ्य देखभाल में प्रमाणपत्र**
**सत्रीय कार्य – टीएमए**
**(खंड – 1,2,3 और 4)**

**कार्यक्रम कोड : सीएचबीएचसी**
**पाठ्यक्रम कोड : सीएनसी–एचसी–001**
**अधिकतम अंक : 100**
**उत्तीर्णकारी अंक : 50**
**जमा करने की अंतिम तिथि : 31 अक्तूबर, 2022**

**नोट : इस सत्रीय कार्य के तीन भाग क, ख और ग हैं।**
भाग क में चार दीर्घ उत्तर प्रश्न सम्मिलित हैं। प्रत्येक प्रश्न के 15 अंक हैं।
भाग ख में तीन लघु उत्तर प्रश्न सम्मिलित हैं। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक हैं।
भाग ग में चार वस्तुगत किस्म के प्रश्न सम्मिलित हैं। इन सभी प्रश्नों के कुल मिलाकर 10 अंक हैं।

**सभी प्रष्नों के उत्तर, जहाँ आवष्यक हो, उदाहरण सहित दीजिए।**
**जहाँ आवष्यक हो प्रमेयगिक मैनुअल की सहायता अवष्य लें।**

## भाग क

**दीर्घ उत्तर प्रष्न :–**

1) क) रोगी को दूसरों से संक्रमण से बचाना क्यों ज़रूरी होता है? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

ख) संक्रमण के फैलाव की सामान्य विधियों की चर्चा कीजिए और संक्रमण के कारण, उभरने वाले सामान्य संकेतों एवं लक्षणों की सूची बनाइए।

ग) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ पर प्रकाश डालिए :

(क) रोगाणुता, (ख) प्रति (क्रास) संक्रमण, (ग) विसंक्रमण

घ) घर/समुदाय में रोगी की देखभाल करते समय, संक्रमण के फैलाव को रोकने और नियंत्रित करने के लिए गृह देखभाल कार्यकर्त्ता के रूप में अपनी भूमिका की चर्चा कीजिए। अपने उत्तर की पुष्टि उचित उदाहरणों से कीजिए। **(2+4+3+6=15)**

2) क) हृदयवाहिका तंत्र की संरचना एवं प्रकार्यों का वर्णन कीजिए। इसका रेखाचित्र बनाइए और इसे चिहि्नत कीजिए।

ख) हृदय समस्याओं से ग्रस्त रोगी की देखभाल करते समय, आपने किन दशाओं/समस्याओं पर गौर किया? सूची बनाइए। खंड में वर्णित संकेतों और लक्षणों से तुलना कीजिए।

ग) हृदय समस्याओं से ग्रस्त रोगी की देखभाल की चर्चा कीजिए। **(5+5+5=15)**

3) क) संतुलित आहार (पोषक तत्वों सहित), इनके स्रोतों और प्रकार्यों का वर्णन, अपने शब्दों में कीजिए।

ख) आपके रोगियों में पोषक तत्वों की कमी से होने वाले रोगों की विद्यमानता की पहचान कीजिए। इसकी तुलना, आपके खंड में उल्लिखित जानकारी से कीजिए।

ग) स्वस्थ जीवन–यापन के चरणों के बारे में सामान्य आबादी को शिक्षित करने में अपनी भूमिका की चर्चा कीजिए। **(5+4+6=15)**

4) क) स्वास्थ्य सुधार देखभाल के अर्थ का वर्णन कीजिए।

ख) स्वास्थ्य सुधार देखभाल के विविध प्रकारों की चर्चा, स्वास्थ्य दल के भाग के रूप में आपके द्वारा सामना की गई विभिन्न स्थितियों में उदाहरणों की सहायता से कीजिए। आपके क्षेत्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुधार सुविधाओं की सूची बनाइए।

ग) रोगी और उसके परिवार सदस्यों के स्वास्थ्य सुधार में अपनी भूमिका का वर्णन कीजिए।

**(2+8+5=15)**

## भाग ख

**लघु उत्तर प्रश्न :–**

5) क) कालप्रभावन (वृद्धावस्था) शब्द का वर्णन कीजिए और काल प्रभावन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले विविध कारकों की चर्चा कीजिए।

ख) घर में बड़े–बुजुर्गों की देखभाल के सिद्धांत की चर्चा कीजिए।

ग) बड़े–बुजुर्गों की देखभाल करते समय, आप किन बिंदुओं को ध्यान में रखेंगे? वर्णन कीजिए।

**(2+1+3+4=10)**

6) क) पीठ की देखभाल और दाब बिंदुओं की सविस्तार चर्चा कीजिए। पीठ की देखभाल की आवश्यकता वाले रोगियों की देखभाल करते समय आपने उत्तर की पुष्टि उचित उदाहरणों से कीजिए। जहाँ आवश्यक हो, रेखाचित्र बनाए। **(10)**

7) क) आरामदेह देखभाल के अर्थ का वर्णन कीजिए।

ख) अपने रोगी में आप मृत्यु होने के किन संकेतों पर गौर करेंगे? वर्णन कीजिए।

ग) अंतिम श्वास लेते व्यक्ति के अधिकारों को व्यक्त कीजिए।

घ) अंतिम श्वास लेते व्यक्ति की आवश्यकताओं की चर्चा कीजिए। आप इन आवश्यकताओं की पूर्ति कैसे करेंगे? अपने उत्तर की पुष्टि उचित उदाहरणों से कीजिए। **(1+3+2+4=10)**

## भाग ग

8) **नीचे दिए गए प्रत्येक कथन के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर के सामने (✓) का निषान लगाएं :**

**(½ x 5 = 2½)**

1) **सिवाय कौन सी एक के,** बाकी सभी दशाओं में रोगी को ढेर सारे तरल पदार्थ दिए जाते हैं।

(i) किडनी का ठप्प पड़ जाना,

(ii) बदहजमी/अतिसार

(iii) कब्ज़

(iv) ज्वर

2) **सिवाय कौन से एक के,** बाकी सभी निम्नलिखित उपाय, आँख में कुछ पड़ जाने की स्थिति में आवश्यक होते हैं :

(i) रोगी को आँखे मलने से रोकना

(ii) रोगी को ऊपर की देखने को कहना, यदि कुछ पलक में गिर गया हों

(iii) रोगी को नीचे की देखने को कहना, यदि कुछ पलक में गिर गया हों

(iv) रोगी को भरपूर रोशनी वाली जगह में बिठाना

3) दवा देने का सर्वाधिक सामान्य और व्यापक रूप से प्रयुक्त मार्ग है :

(i) टीका

(ii) अधोजिह्वा

(iii) साँस अंदर की ओर खींचना

(iv) मुँह

4) **सिवाय किसी एक के,** निम्न वसा आहार शेष सभी के लिए आवश्यक है?
   (i) अग्न्याशय जलन
   (ii) पित्ताशय शोध
   (iii) प्रोटीन, ऊर्जा, कुपोषण
   (iv) मोटापा

5) सिवाय किस एक के शेष मधुमेय रोग के कारण हैं :
   (i) मोटापा
   (ii) संक्रमण
   (iii) आनुवंशिक
   (iv) तनाव

9) **कॉलम क में दिए गए मदों का मिलान, कॉलम ख के मदों से कीजिए :** **(½ x 5 = 2½)**

| | कॉलम क | | कॉलम ख |
|---|---|---|---|
| क) | शरीर का सर्वाधिक अभिव्यक्त भाग | i) | हड्डियाँ |
| ख) | शरीर का संरचनागत ढाँचा | ii) | रोग रोधकता (Prophylactic) |
| ग) | किसी खास रोग को होने से रोकने की दवाई | iii) | पार्किंसन रोग |
| घ) | डिजनेरेट ब्रेन सिंनड्राम (स्मरण शक्ति का धीरे–धीरे कम होना) | iv) | फैन्टम |
| च) | जिस अंग को काट दिय गया हो, उसके होने का अहसास | v) | चेहरा |
| | | vi) | त्वचा |
| | | vii) | अल्ज़मीयर रोग |
| | | viii) | माँसपेशी |

10) **रिक्त स्थानों की पूति कीजिए :** **(½ x 5 = 2½)**

क) अपना परिचय देना, ....................................... शुरू करने का सबसे महत्वपूर्ण भाग है।
ख) ......................... रोग से आशय बेहद थोड़े समय में यकायक विकसित होने वाले रोग से है।
ग) रोगी को पुनः सामान्य स्वास्थ्य स्तर पर लाना या स्वास्थ्य में श्रेष्ठ संभावित परिणाम ................ कहलाता है
घ) ठीक न हो सकने वाली स्थिति में रोगी को दर्द और उत्तेजना से राहत देने वाली देखभाल ............. कहलाती है
च) जीवन के लिए घोर चुनौतीपूर्ण दशा जो विकसित होती है जब शरीर का रक्त दाब नीचे गिर जाता है, ............... कहलाता है।

11) **सही कथन के सामने (✓) और गलत कथन के सामने (X) का निषान लगाएं :** **(½ x 5 = 2½)**

क) दुर्घटना/बीमारी की दशा में, डाक्टर के आने से पहले रोगी को दी जाने वाली तात्कालिक देखभाल प्राथमिक सुरक्षा कहलाती है **(सही/गलत)**
ख) रात्रि के समय थोड़े समय के लिए नींद न आना, अनिद्रा रोग कहलाता है। **(सही/गलत)**
ग) थैलीसिमिया आनुवंशिक खून की गड़बड़ी है **(सही/गलत)**
घ) जोड़ों में बेहद दर्द, अस्थि सुषिरता (ऑस्टियोपोरोसिस) का खास लक्षण है। **(सही/गलत)**
च) आवाज का बेसुरापन, गले (लेरिक्स) के कैंसर का सामान्य लक्षण है। **(सही/गलत)**